ANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) The Company was permitted to issue fully convertible debentures for a total amount of Rs 500 crores; each debenture of Rs. 145 convertible into two equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 62.50 per share.

(b) No, Sir.

(c) The transaction referred to, did not give rise to any capital gains chargeable to Income Tax.

विदेशी मुद्रा भंडारों में कमी

3638. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी और फरवरी, 1988 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडारों में कमी आई है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध मे तथ्य क्या है और इसके कारण क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) विदेशी मुद्रा भंडार (सोने और विशेष आहरण अधिकारों को छोड़कर) जो 31-12-1987 को 7145.19 करोड़ रुपये का था, घट कर 30-1-1988 को 6360.06 करोड़ रुपय का रह गया लेकिन 29 फरवरी, 1988 को बढ़ कर यह 6501.39 करोड़ रु० हो गया ।

विदेशी मुद्रा भंडार में होने वाली घट-बढ़ पर किसी एक घटक के प्रभाव का अलग से पता लगाना इस समय सम्भव नहीं होगा । भुगतान शेष के आंकड़े विदेशी मुद्रा भंडार में इस अवधि के दौरान हुई घट-बढ़ को प्रभावित करने वाले अलग-अलग घटकों के विस्तृत ब्यौरों के साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संकलित किए जाने और उपलब्ध कराये जाने में कुछ समय लगेगा ।

उत्तर प्रदेश में बुनकरों की प्राथमिक सोसाइटियां

3639. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय बुनकरों की कितनी पंजीकृत प्राथमिक सोसाइटियां कार्य कर रही है ;

(ख) विनिर्मित और बेचे गये उत्पादों का ब्यौरा क्या है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान इन सोसाइटियों का वर्षवार कितना माल बिना बिका पड़ा है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार ने सातवीं योजना के अंतिम तीन वर्षों के दौरान इन सोसाइटियों को क्या सहायता और प्रोत्साहन दिये हैं तथा सरकार अगले वित्तीय वर्ष, 1988-89 के दौरान इन्हें कितनी धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा): (क) जैसाकि राज्य सरकारों द्वारा सूचना दी गयी है, उत्तर प्रदेश में 3589 पंजीकृत बुनकर समितियां कार्य कर रही है ।

(ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) केन्द्र सरकार प्राथमिक बुनकर समितियों को शेयर पूंजी आधार को सुदृढ़ बनाने, करघों की खरीददारी/आधुनिकीकरण/नवीनीकरण, वेतनभोगी सचिवों की नियुक्ति के लिये प्रबंधकीय उपदान देने के लिये समान आधार पर विभिन्न योजना प्रणालियों के अंतर्गत राज्य सरकार को सहायता प्रदान करती है । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा, हथकरघा माल की खुदरा बिक्रियों पर तथा हथकरघा विकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित तथा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा प्रदर्शनियों में बराबर 20% की छूट दी जाती है । पिछले 3 वर्षों के दौरान उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गयी सहायता को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है (नीचे देखिये) । केन्द्र सरकार प्रत्येक वर्ष

राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजना-वार निधियां रिलीज करती है न कि राज्य-वार । इसलिये 1988-89 के दौरान, उत्तर देश की प्रमुख समितियों को रिलीज की जाने वाली निधियों के अग्रिम विवरण निर्दिष्ट करना सम्भव नहीं है ।

विवरण

(लाख रुपये में)

क्रम सं०	योजना	1985-86	1986-87	1987-88
1.	प्राथमिक बुनकर समितियों के अंश पूंजी को मजबूत बनाना	50.00	15.00	--
2.	करघों की खरीद/आधुनिकीकरण/ नवीकरण	25.00	26.50	32.28
3.	वेतन भोगी सचिवों की नियुक्ति के लिए प्रबन्धकीय उपदान	7.00	6.18	--
4.	लूट*	275.33	--	--

*प्राथमिक हथकरघा बुनकर समितियों तथा राज्य के अन्य संगठनों को किए जाने वाले रिलीज शामिल हैं ।

दिल्ली में काल गर्ल रकेट

3640. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री जे० पी० गोयल :
श्री गुरुदास दासगुप्त:
श्री बेकल उत्साही :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में किसी 'कार्ल गर्ल रैकेट' का पता चला है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में पकड़े गये व्यक्तियों के नाम क्या हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी हां, श्रीमन ।

(ख) "काल-गर्ल रैकटियर्स" की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर दिल्ली पुलिस ने एक जाली ग्राहक तैनात करके घोटाला करने वालों को पकड़ लिया । 14 मार्च, 1988 को थाना पार्लियामेंट स्ट्रीट में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 4/5/8 के अधीन एक मामला दर्ज किया गया और निम्नलिखित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया :-

1. श्री कवल जीत सिंह
2. श्री श्रीचन्द्र वाधवा
3. श्रीमती विजया राव
4. श्रीमती कविता रेड्डी ।

Meeting of snow and Glacier ice

3641. SHRI AJIT P. K. JOGI: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether Government have any plan to augment water supply by artificially melting snow and glacier ice; and

(b) whether any pilot experiments have been conducted in this context and if so, with what results?